# पाठ 2 – वर्ण,वर्णमाला और मात्राएँ

**पाठ परिचय** –

- मुँह से निकलने वाली छोटी से छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हो,वर्ण कहलाती है।
- वर्णों की क्रमिक सूची को वर्णमाला कहते हैं।
- वर्णों का अर्थ देने वाला समूह 'शब्द' कहलाता है।
- स्वरों की मात्राएँ होती हैं,व्यजनों की नहीं।

## अभ्यास–पत्र

### यह कार्य हिंदी की कॉपी/पृष्ठ (पेज) पर करें।

- वर्ण– वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हों, वर्ण कहलाती है।

वर्ण के दो भेद हैं–

1 स्वर
2 व्यंजन

- वर्णमाला –वर्णों की क्रमिक सूची को वर्णमाला कहते हैं।
- स्वर – स्वरों की संख्या ग्यारह होती है।
  अ से औ तक
- व्यंजन – व्यंजन तैंतीस होते हैं।
  क से ह तक

प्र.1 नीचे दी गई ध्वनियों का प्रयोग करते हुए दो–दो शब्द लिखिए–

अनुस्वार – ( ं ) रंग, पतंग

अनुनासिक – ( ँ ) चाँद, दाँत

विसर्ग – ( : ) प्रातः , अतः

नुक्ता – (ज़ फ़ ) ज़रा , साफ़

आगत – ( ॅ ) डॉक्टर , कॉफी

प्र.2 स्वरों की मात्राओं से दो–दो शब्द बनाइए।

| **स्वर** | **मात्रा** | **शब्द** |
| --- | --- | --- |
| अ | कोई मात्रा नहीं | कम, नमक |
| आ | ा | नाम, काला |
| इ | ि | किला, किताब |
| ई | ी | खीर, चील |
| उ | ु | बुलबुल, कुल |
| ऊ | ू | चूहा, मूली |
| ऋ | ृ | कृष्ण, कृपा |
| ए | े | केला, सेब |
| ऐ | ै | पैसा, थैला |
| ओ | ो | कोयल, मोर |
| औ | ौ | चौकीदार, मौका |

प्र.3 नीचे दिए शब्दों में उचित मात्रा लगाकर लिखिए –

(क) कतब ––––––  (ख) सख ––––––

(ग) वलम ––––––  (घ) दश ––––––

(ङ) सहयत ––––––  (च) खलन ––––––

(छ) मधर ––––––  (ज) झल ––––––

प्र.4 वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए –

(क) क्+अ+म्+अ+ल्+अ ––––––––––

(ख) न्+आ+ट्+अ+क्+अ ––––––––––

(ग) ध्+अ+न्+उ+ष्+अ ––––––––––

(घ) च्+आ+ब्+ई ––––––––––

मात्राओं की और जानकारी के लिए यहाँ देखे।
https://youtu.be/Nh1FNSCf16M